मंगलवार

03 जनवरी 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज





खुशखबरी : डीडीयू मोकामा के बीच होगा रेलवे लाईन का तेहरीकरण, सर्वे हुआ पूरा 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


## जनता दरबार: राज्य के विभिन्न जिलों से आए 77 लोगों की सीएम ने सुनी फरियाद

# कर्मनाशा नदी से हो रही बालू की अवैध निकासी; मुख्यमंत्री बोले, कार्रवाई होगी

**केटी न्यूज/पटना**

- वर्ष के पहले जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में पहुंचा बक्सरजिले में बालू उत्खनन का मामला
- किसान ने खनन रोक खेती की उपयाऊ जमीन बचाने की लगाई गुहार

**लोगों की समस्याएं सुन सीएम नीतीश कुमार ने संबंधित अधिकारियों को दिया कार्रवाई का निर्देश**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में नीतीश कुमार ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 77 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। सोमवार को जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग, गृह विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, निगरानी विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, निर्वाचन विभाग तथा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग से संबंधित मामलों पर सुनवाई हुयी।

बक्सर जिला से एक किसान ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि कर्मनाशा नदी से बालू के अवैध उत्खनन पर रोक लगायी जाए हमलोगों की खेती की जमीन इससे प्रभावित हो रही है, जिससे हमलोग परेशान हैं। मुख्यमंत्री ने खान एवं भूतत्व विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मुजफ्फरपुर जिला से आयी एक लड़की ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उसके इकलौते इंजीनियर भाई की षड्यंत्र के तहत दो साल पहले हत्या कर दी गई थी। अब तक दोषी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। वहीं दूसरी महिला ने गुहार लगाते हुए कहा कि वर्ष 2021 में मेरे बेटे की हत्या कर दी गई है, लेकिन आज तक अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

लखीसराय जिला से आए एक किसान ने आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री से कहा कि मेरे दो बिगहा जमीन को दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। दबंग लोग धमकाते हैं। थाने में शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। वहीं सहरसा जिले से आए एक बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उनके निजी जमीन को दबंगों द्वारा रास्ता के नाम कब्जा कर लिया गया है मेरे सारे ओरिजिनल कागजात को देखकर मेरे जमीन को घेरवा दिया जाए। मुख्यमंत्री ने संबंधित मामलों पर पुलिस महानिदेशक को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

किशनगंज जिला से आए एक युवा ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि सरकारी रास्ते को कुछ भू-माफियाओं द्वारा कब्जा किया जा रहा है। अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं, भागलपुर जिला से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे निजी जमीन पर ही नल जल योजना के तहत पानी टंकी बना दिया गया है। शिकायत करने पर मारपीट किया जाता है। वहीं दूसरे फरियादी ने कहा कि पुश्तैनी जमीन को दबंगों ने कब्जा कर लिया है, खाली करने के लिए कहने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समस्तीपुर से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि चुनाव के दौरान किए गए काम के एवज में अबतक राशि का भुगतान नहीं किया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को मामले की जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सीतामढ़ी जिला से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि सड़क के लिए ली गई मेरी जमीन का अब तक मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उसके बाद सारण जिला से आए एक पिता ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि वर्ष 2019 में मेरी बेटी की शादी के 15 दिन के अंदर ही उसके ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी थी। हत्यारे अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

कार्यक्रम में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता, खान एवं भूतत्व मंत्री रामानंद यादव, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी संबंधित विभागों के मुख्य सचिव आदि उपस्थित रहे।

## रील बना रहे दो दोस्त ट्रेन की चपेट में आए

**पटना।** बिहार के खगड़िया में रेलवे ब्रिज पर रील्स बना रहे दो दोस्तों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। तीसरे दोस्त ने रेलवे ब्रिज से सूखी नदी में कूदकर अपनी जान बचाई। हालांकि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा एक जनवरी को हुआ। तीनों की उम्र 16 से 19 साल के बीच है। हादसे में घायल अमन ने बताया कि वो, सोनू और नीतीश नए साल पर धमारा घाट स्टेशन के पास मां कात्यायनी मंदिर में जा रहे थे। मेन रोड पर भीड़ थी। इसलिए उन लोगों ने शॉर्टकट अपनाया और रेलवे पुल से मंदिर जाने लगे। इसी बीच सोनू और नीतीश रील्स बनाने लगे। इसमें से 3 रील्स गाने के साथ इंस्टाग्राम पर अपलोड की थीं। करीब 15 मिनट बाद फिर से रील्स बनाने लगे। तभी उसी ट्रैक पर दूसरी तरफ से ट्रेन आ गई। कोहरे के कारण ट्रेन नहीं दिखी। ट्रेन सोनू और नीतीश को रौंदते हुए निकल गई। वो कुछ दूर था। ट्रेन देखते ही पुल से कूद गया।

## पंजाब व हरियाणा सीएम आवास के पास बम मिला, आर्मी आज करेगी डिफ्यूज

**एजेंसी/चंडीगढ़**



चंडीगढ़ के सेक्टर 2 स्थित राजिंदरा पार्क आम के बाग में सोमवार दोपहर जिंदा बम मिलने से हड़कंप मच गया। यह वीवीआईपी इलाका है। जहां नजदीक में ही पंजाब के सीएम भगवंत मान और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का सरकारी आवास है। यही नहीं, इसकी कुछ दूरी पर हेलीपेड है, जहां सीएम भगवंत मान का हेलिकॉप्टर उतरता है। बम की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस की टीम बम और डॉग स्क्वायड लेकर मौके पर पहुंची। बम को चारों तरफ से कवर करने के बाद आर्मी बुलाई गई है। आर्मी की टीम इसे कल डिफ्यूज करेगी। वहीं पंजाब और हरियाणा पुलिस के सीनियर अफसर भी बम बरामदगी वाली जगह पर पहुंच गए हैं।

राजिंदरा पार्क के आगे स्थित आम के बाग में ट्यूबवेल लगा हुआ है। सोमवार दोपहर जब ऑपरेटर ट्यूबवेल चलाने गया, तो उसने यह बम देखा। जिसके बाद पुलिस फोर्स वहां पहुंची और तुरंत पूरे इलाके को सील कर दिया। बम का जिंदा होने की वजह पुलिस ने तुरंत एहतियाती कदम उठाए। बम को डिफ्यूज करने के लिए आर्मी की टीम मंगलवार को पहुंचेगी। आर्मी अधिकारियों के मुताबिक उन्हें देरी से सूचना मिली। अंधेरा होने की वजह से अब बम को डिफ्यूज करने का ऑपरेशन करना संभव नहीं है।

# जम्मू में आईइडी धमाका, दो की मौत

**एजेंसी/जम्मू**

जम्मू में राजौरी जिले के डांगरी गांव में सोमवार सुबह आईइडी बम धमाका हुआ। इसमें दो बच्चियों की मौत हो गई और 4 घायल हैं। धमाका उन 3 घरों में से एक में हुआ, जहां रविवार शाम आतंकवादियों ने फायरिंग की थी। इस आतंकी हमले में 4 हिंदुओं की जान चली गई थी और 7 घायल हैं। एडीजीपी मुकेश सिंह ने कहा कि पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। एनआईए की टीम भी यहां जांच करेगी। एक आईइडी मिला था, उसे इलाके से हटा दिया गया है। सर्च ऑपरेशन चल रहा है। ऐसी आशंका है कि रविवार शाम फायरिंग के बाद ही आतंकवादियों ने घर में आईइडी रख दिया होगा।

**एक दिन पहले आतंकियों ने की थी फायरिंग, चार हिंदुओं की गई थी जान**



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को डांगरी गांव का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को 10-10 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। साथ ही इन परिवारों के एक-एक सदस्य को नौकरी भी दी जाएगी।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने इस आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने ट्वीट किया- मैं राजौरी जिले में इस लक्षित हमले की निंदा करता हूं और मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। आईइडी धमाके के बाद भी उन्होंने ट्वीट किया। इसमें लिखा- सुरक्षाबलों की ओर से इस स्पष्ट लापरवाही की जांच की जानी चाहिए। अतीत में सीखे गए सबकों ने हमें सिखाया है कि मुठभेड़ों व हमलों की जगहों को पूरी तरह से सर्च किए बिना, उन्हें लोकल को नहीं सौंपना चाहिए। राजौरी में इस एसओपी का पालन क्यों नहीं किया गया?

## लोस चुनाव में मैथिली बनेंगी स्वीप आइकॉन

**पटना।** बिहार की चरचित लोक गायिका मैथिली ठाकुर को भारत निर्वाचन आयोग ने अपना आइकॉन बनाया है। इस संबंध में आयोग की तरफ से नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले मैथिली ठाकुर बिहार में मतदाता जागरूकता अभियान चलाएगी। इससे पहले 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले उनको मधुबनी जिले का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया था। मधुबनी जिले के 47वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में इसकी घोषणा की गई थी। मैथिली ठाकुर ने कहा कि मेरे लिये ये अत्यंत हर्ष का विषय है। मैं हमेशा अपना योगदान देने की कोशिश करते रहूंगी। आप सब का आशीर्वाद बना रहे। इससे पहले पिछले महीने बिहार के उद्योग विभाग ने मैथिली ठाकुर को बिहार के खादी, हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया था। मैथिली ठाकुर ने संगीत की दुनिया में अपनी गायिकी से एक अलग पहचान बनाई है।

# बिहार में नौकरियों की भरमार : शिक्षा स्वास्थ्य व गृह विभाग में लाखों वैकेंसी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार सरकार सूबे के युवाओं के लिए साल 2023 में बंपर बहाली निकालने वाली है। इसके लिए बिहार सरकार ने अभी से ही कमर कस ली है। नए साल में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और गृह विभाग में लाखों की बहाली निकलेगी।

सोमवार को बिहार सरकार के मंत्री समीर महासेठ ने ट्वीट किया है। उसमें उन्होंने बिहार सरकार का एक डेटा पोस्ट किया है।साथ ही लिखा है कि बिहार के युवा तैयार रहें। लगभग इन विभागों में लाखों की बहाली होने वाली है। समीर महासेठ द्वारा जारी डाटा के मुताबिक शिक्षक व अन्य कर्मियों की 3.85



लाख बहाली की जाएगी। साथ ही, डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी इत्यादी की स्वास्थ्य विभाग की ओर से 1.68 लाख पदों को भरा जाएगा। वहीं गृह विभाग में दारोगा, सिपाही आदि पदों पर लगभग एक लाख बहाली की जाएगी। बिहार की महागठबंधन सरकार ने साल 2023 में युवाओं के लिए इन नौकरियों का एलान किया है।

**रोजगार को लेकर पहले से सवालों के घेरे में सरकार**

बिहार में रोजगार को लेकर वैसे ही बहुत समस्या है। आए दिन अभ्यर्थी और छात्र धरना करते हैं। सरकार से बहाली की मांग करते हैं। हालांकि बिहार में महागठबंधन सरकार बनने के बाद कई विभागों में नियुक्ति पत्र बांटी गई है। हालांकि, बीजेपी ने हमला करते हुए कहा कि ये नौकरियां एनडीए सरकार के दौरान की ही थी। हालांकि फिलहाल कर्मियों ने बिहार सरकार को सातवें वेतनमान को लेकर भी घेरा है। सीटीईटी कैंडिडेट्स ने जमकर बवाल किया था। इसके अलावा बीटीईटी वालों ने भी सरकार का घेराव किया था। बिहार सरकार ने उस वक्त भी नई नौकरियां देने का एलान किया था।

## लालू यादव बनेंगे दादा, प्रेग्नेंट हैं राजश्री

**पटना।** लालू-राबड़ी परिवार में नया मेहमान आने वाला है। लालू यादव दादा और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पापा बनने वाले हैं। उनकी पत्नी राजश्री डॉक्टर की देखरेख में दिल्ली में हैं। तेजस्वी यादव भी दिल्ली गए हुए हैं। हालांकि, इस बात की अभी तक परिवार की ओर से पुष्टि नहीं है।

दिसंबर 2021 में तेजस्वी और राजश्री की शादी हुई थी। यह शादी दिल्ली में अचानक की गई थी। दोनों एक-दूसरे को पहले से अच्छी तरह जानते थे। राजश्री का दिल्ली के डॉक्टर के यहां चेकअप चल रहा है। फरवरी या मार्च में तेजस्वी और राजश्री माता-पिता बनेंगे। लालू परिवार में 2023 में कई खुशियां एक साथ आ रही हैं। लालू प्रसाद दो-तीन महीने में स्वस्थ होकर भारत आ सकते हैं। राबड़ी देवी भी अभी सिंगापुर में ही हैं।






**मिशन लोकसभा की तैयारी–2024 के मद्देनजर आज पटना आ रहे हैं जेपी नड्डा**

# शाहनवाज का दावा... 40 सीट पर होगा भाजपा का कब्जा

**केटी न्यूज/पटना**

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अभी से ही बिहार में मिशन लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियां शुरू कर दी। इसको लेकर आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज देर रात विशेष विमान से पटना पहुंचेंगे। पटना पहुंचने के बाद कल तीन जनवरी को सोनपुर के प्रसिद्ध बाबा हरिहर नाथ मंदिर जाएंगे। यहां मंदिर में पूजा-दर्शन करने के बाद वे वैशाली के गोरौल में जनसभा को संबोधित करेंगे।

बिहार के पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के वैशाली आने पर कहा कि वैशाली के लोकसभा प्रवास पर जेपी नड्डा आ रहे हैं, हमारी पार्टी 40 लोकसभा



सीट जीतेगी इसको लेकर हमारी तैयारी चल रही है राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जब पिछली बार बिहार में आए थे तो हम गठबंधन में थे लेकिन अब हम विपक्ष में हैं। जिस तरीके से कुर्मी और लोकसभा में हमारी जीत हुई है हम अब बिहार में भी 40 के 40 सीट लोकसभा की जितने की तैयारी कर रहे हैं पिछली बार जब हम गठबंधन में थे तो हमने 40 में 39 सीट लोकसभा की जीती थी लेकिन इस बार हम 40 लोकसभा सीटें जीतने के लिए सभी कार्यकर्ता मेहनत कर रहे हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री की यात्रा सरकारी है सभी को यात्रा करने का हक है मैं भी मोतिहारी जा रहा हूं, तो यह भी एक यात्रा है जब पिछली बार भी शराबबंदी को लेकर यात्रा पर मुख्यमंत्री निकले थे और लोगों से चर्चा की थी इस बार भी यात्रा पर निकलेंगे वह अपनी यात्रा कर रहे हैं नीतीश कुमार के सरकार हो चाहे लालू प्रसाद यादव की सरकार हो वह रही है हम सहयोगी पार्टी रहे हैं इसलिए जो मुख्यमंत्री रहता है वहीं क्रेडिट लेता है।

केंद्र सरकार के नोटबंदी के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने मोहर लगाई है, इस पर शाहनवाज हुसैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का नोट बंदी को लेकर जो फैसला आया है वह ऐतिहासिक फैसला है नोटबंदी का जो फैसला था वह देश हित में थी और देश के लिए विपक्ष के द्वारा सवाल खड़े किए जा रहे थे कि नोटबंदी विफल है, लेकिन आज सुप्रीम कोर्ट ने इस पर मुहर लगा दी है। नियुक्ति पत्र को लेकर केवल सरकार दिखावा कर रही है। जब एक इंटरव्यू नहीं हो रहे हैं ना बहाली निकाली जा रही है ना एग्जाम हो रहे हैं, तो यह नियुक्ति पत्र कैसे बांटा जा रहा है। सरकार युवाओं को भ्रमित कर रही है।

केशव टाइम्स

बक्सर, 03 जनवरी 2023

website : keshavtimes.com

e-mail : keshavtimes1@gmail.com




## खबरें फटाफट

### बाइक की चपेट में आने से छात्र की मौत

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के चक्रदह गांव के पास सोमवार की शाम बाइक की ठोकर से सड़क किनारे खेल रहे एक बच्चे की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृत बच्चा चकरदह गांव निवासी नंदजी पासवान का सात वर्षीय पुत्र रॉकी कुमार था। सोमवार की शाम वह अपने परिवार के साथ खलियान में गया था। उसके बाद वह गांव के ही कुछ बच्चों के साथ खेलने के लिए सड़क की ओर चला गया। उसी दौरान एक बाइक सवार ने उसे ठोकर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर वेलोग घटनास्थल पर पहुंचे और इलाज के लिए उसे आरा सदर अस्पताल लाया गया। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी सदर अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया गया। घटना के बाद उसके घर में हाहाकार मच गया है।

### ट्रक चालक की ठंड लगने से मौत

**आरा।** जिले में सर्दी का सितम तेज हो गया है। इसी दौरान आरा-अरवल रोड पर सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप मोड़ के समीप ठंड लगने से एक ट्रक चालक की मौत हो गई। मृत चालक चौरी थाना क्षेत्र के जनईडीह गांव निवासी शिवनाथ पंडित का 30 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार था। उसके पिता ने बताया कि वह अक्सर घर से बाहर रहता था। पिछले कई दिनों से घर नहीं आया था। रविवार को ट्रक पर चावल लोड करने के लिए वह आरा औरंगाबाद जा रहा था। इसी बीच पेरहाप मोड़ के समीप उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस द्वारा हमें इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार ट्रक चालक की मौत ठंड लगने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा।

### गार्ड के साथ मारपीट

**मखदुमपुर।** प्रखंड के बराबर हॉल्ट के पास रेलवे ओवरब्रिज का काम चल रहा है। ओवर ब्रिज निर्माण कंपनी के सामान की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई थी। जिसके विरोध के कारण गार्ड को पकड़कर अपराधी लोग दूर पूरब की ओर ले गए। उसके साथ मारपीट कर उसके मोबाइल एवं पैसे छीन लिए। चोरों द्वारा सोलह प्लेट एवं कुछ रड की चोरी कर ली गई है। इस संबंध में निर्माण कार्य के एजेंसी एबी कंस्ट्रक्शन मालदा के संवेदक उपेंद्र कुमार द्वारा स्थानीय थाने में सूचना देकर बताया गया है कि उसके गार्ड दीपू कुमार के साथ मारपीट की गई है।

# अब शिशुओं को नौ माह की उम्र में दी जाएगी एफआईपीवी की तीसरी खुराक

- नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में एफआईपीवी-3 की हुई शुरूआत
- जनवरी से पहले एमआर-1 की खुराक ले चुके बच्चों को नहीं दी जाएगी एफआईपीवी 3 की खुराक

**केटी न्यूज/बक्सर**

शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम निरंतर चलाया जा रहा है। इसको लेकर जिलास्तर से लेकर वार्ड स्तर तक निगरानी की जा रही है। ताकि, कोई भी बच्चा व गर्भवती महिला नियमित टीकाकरण का लाभ लेने से वंचित न रहे। ऐसे में सरकार ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए बड़ी पहल शुरू की है। जिसमें बच्चों को पोलियो से बचाने के लिए फ्रैक्शनल डोजेस ऑफ इनएक्टिवेटेड पोलियोवायरस (एफआईपीवी) वैक्सीन की तीसरी खुराग यानी नवजातों को दी जाने वाले वैक्सीन की तीसरी डोज देने का निर्णय लिया है। जो शिशुओं के नौवें माह के होने पर दी जाएगी। जिसकी शुरूआत साल की पहली तिथि से की जा चुकी है। एक जनवरी के बाद से जिले के सभी बच्चों को एफआईपीवी वैक्सीन की तीन खुराक दी जाएगी। जिन बच्चों को दो खुराक मिली है को 6 सप्ताह पर एफआईपीवी 1 और 14 सप्ताह पर एफआईपीवी -2, उन्हें अब एक जनवरी से 09 महीने के होने पर एमआर-1 के टीके के साथ एफआईपीवी की तीसरी खुराक दी जाएगी। जिन्हें 1 जनवरी से पहले एमआर -1 की खुराक मिल चुकी है उन्हें एफआईपीवी 3 की खुराक नहीं दी जाएगी।




### बच्चों में हो सकेगी 90% तक इम्युनिटी बढ़ोत्तरी

डॉ. सिंह ने बताया कि अब तक पोलियो की बीमारी से बचाने के लिए शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को दो डोज लगायी जाती थी। यह डोज बच्चों को छह और 14 सप्ताह में लगाई जा रही थी। लेकिन, अन्य देशों में पोलियो के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को एफआईपीवी वैक्सीन की तीसरी डोज लगाने का निर्णय लिया है। तीसरी डोज के रूप में एफआईपीवी वैक्सीन लगने से बच्चों में 90 प्रतिशत तक इम्युनिटी बढ़ोत्तरी हो सकेगी। इसके लिए हैंडकाउंड सर्वे कराया जा रहा है। एक या दो डोज लगवाने वाले बच्चों को दूसरी व तीसरी डोज के रूप में एफआईपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। जिन बच्चों को एक भी डोज नहीं लगी है और उनकी उम्र एक वर्ष की हो गई है, उनको जनवरी में एफआईपीवी वैक्सीन की पहली डोज लगेगी।

**बीमारियों से बचाव के टीके लगाना बच्चों के लिए जरूरी :** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया कि नवजात के स्वस्थ शरीर निर्माण के लिए उचित देखभाल बेहद जरूरी है। इसे सुनिश्चित करने में सबसे बड़ा योगदान उसकी मां का ही होता है। इसमें थोड़ी सी लापरवाही बड़ी परेशानी का कारण बन जाती है और नवजात बार-बार बीमार होने लगता है। टीकाकरण से बच्चों के शरीर के अंदर रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। जिससे वे विभिन्न प्रकार की बीमारियों से सुरक्षित होते हैं। बच्चों के नियमित टीकाकरण से वे जल्दी किसी भी बीमारी की चपेट में नहीं आते हैं। उन्होंने बताया कि छह जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाना सभी बच्चों के लिए जरूरी होता है। खसरा, टेटनस, पोलियो, क्षय रोग, गलघोटू, काली खांसी और हेपेटाइटिस-बी जैसे रोगों से बचने के लिए समय पर टीकाकरण जरूरी है। कुछ टीके गर्भवती महिलाओं को भी लगाए जाते हैं। जिससे उन्हें व होने वाले शिशु को टेटनेस व अन्य गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके।

## मृतका के परिजनों ने पति सहित अन्य पर लगाया हत्या करने का आरोप

# शर्मनाक: भोजपुर में दहेज में बाइक नहीं दिये जाने पर विवाहिता की गला घोंट कर की हत्या

- पति और ससुर को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ
- आठ माह के मंजीत से छीन गया मां का प्यार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव के एकाक्ष भगत के टोला में रविवार की देर शाम दहेज में बाइक नहीं मिलने से नाराज ससुराल वालों ने गला घोंट कर एक विवाहिता की हत्या कर दी। मृतका भदवर गांव के एकाक्ष भगत के टोला निवासी सोना लाल यादव की 21 वर्षीया पत्नी सरिता कुमारी थी। उसके गले पर निशान मिले हैं, जिससे गला घोंटने की आंशका जताई जा रही है। मायके वालों द्वारा पति, ससुर और सास पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। पुलिस ने विवाहिता के पिता जगनारायण सिंह की शिकायत पर पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।? पुलिस दोनों से पूछताछ कर मौत के असली कारणों की छानबीन में जुटी है।? सरिता गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बामपाली गांव निवासी जगनारायण यादव की बेटी थी। उसकी शादी मई 2017 में हुई थी।



अस्पताल में जुटे परिजन

**दोपहर में की मारपीट और देर शाम मिली मौत की सूचना :** इधर, जगनारायण यादव ने बताया उनकी बेटी सरिता की शादी मई 2017 में चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव के एकाक्ष भगत के टोला निवासी वकील यादव के पुत्र सोनालाल यादव से हुई थी। शादी के ढाई साल बाद वर्ष 2020 के मई माह में उसका गवना हुआ था। उसके कुछ दिन बाद से ही उसके पति और ससुराल वालों द्वारा बाइक की मांग की जा रही थी। उसे लेकर उसके पति सहित अन्य ससुराल वालों द्वारा सरिता को प्रताड़ित किया जा रहा था था। अक्सर मारपीट भी की जाती थी। रविवार की दोपहर भी उसने फोन कर अपने भाई से कहा कि उसके पति सहित अन्य ससुराल वालों द्वारा मारपीट की जा रही है। उसके बाद देर शाम ग्रामीणों से सूचना मिली कि उनकी बेटी की मौत हो गयी है। उस पर वह उसके ससुराल पहुंचे, तो देखा कि उनकी बेटी मृत अवस्था में पड़ी है और ससुराल वाले फरार हैं। तब उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी दी। सूचना मिलने पर थाना इंचार्ज पूनम कुमारी पुलिस बल के साथ पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। थानाध्यक्ष के अनुसार मृत महिला के परिजनों की ओर से उसके पति, ससुर और सास पर हत्या करने का आरोप लगाया है। उस आधार पर उसके पति सोनालाल यादव और ससुर वकील यादव को गिरफ्तार कर लिया है। सास राजंती देवी फरार है।



सरिता की फाइल फोटो

### आठ माह के मासूम को छोड़ गई सरिता

बताया जा रहा है कि मृत सरिता अपने तीन भाइयों के बीच इकलौती बहन थी। जिसके कारण वो घर में सबकी लाडली थी। लेकिन, दहेजलोभियों ने रुपयों के लिए उसकी हत्या कर डाली। सरिता का आठ माह का बेटा मंजीत है। हत्या के बाद उसके आठ माह के मासूम पुत्र से मां का प्यार छीन गया। सरिता की मौत से उसके मायके में कोहराम मच गया है। मां बसंती देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। हालांकि, परिजन पुलिस से मंजीत को उन्हें सौंपने की बात कह रहे हैं। लेकिन, जब तक कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता, तब तक बच्चे की कस्टडी के संबंध में कुछ कहा नहीं जा सका।

# सड़क दुर्घटना में जख्मी इलाजरत युवक की दूसरे दिन मौत, घर में मचा कोहराम

**केटी न्यूज/आरा**

टाउन थाना क्षेत्र के यदुवंशी नगर में रविवार की देर शाम में सड़क हादसे में जख्मी दूसरे युवक की भी मौत हो गयी। पीएमसीएच में इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कड़ारी गांव वार्ड नंबर 11 निवासी सुदामा सिंह का 24 वर्षीय पुत्र दीपक सिंह था। वह पटना में रह बीपीएससी का तैयारी करता था।

उसके पिता यूपी के बनारस स्थित एफसीआई में कार्यरत हैं।मौत के बाद पीएमसीएच में ही पुलिस द्वारा उसके शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया। उसके चचेरे भाई गगन विकास की रविवार की शाम ही मौत हो गयी थी।



बता दें कि रविवार की शाम दीपक सिंह और उसके चचेरे भाई गगन विकास बाइक से पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र के कटेसरा गांव मामा के घर जा रहे थे। तभी आरा-पटना बाइपास पर यदुवंशी नगर के समीप अधिक कोहरा होने के कारण उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गयी थी। उसमें गगन विकास की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दीपक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसकी हालत देख डाक्टरों ने पटना रेफर कर दिया था। हां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया।

**बहन की डोली से पहले उठी इकलौते भाई की अर्थी :** बताया जा रहा है कि दीपक की बहन ज्योति की शादी फरवरी में होने वाली है। 22 फरवरी को तिलक और 28 को बारात है। जिसकी तैयारी के सिलसिले में वह पटना से गांव आया था। लेकिन बहन की डोली उठने से पहले ही उसकी ही अर्थी उठ गई। बताया जाता है कि छात्र दीपक अपने दो बहनों के बीच इकलौता भाई था। उसके परिवार में पिता के अलावा मां विभा देवी, बहन दिव्या और ज्योति है।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

- झारखंड के गुमला का रहने वाला था मृतक

जिले के संदेश थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के समीप रविवार की देर शाम सड़क हादसे में झारखंड के एक मजदूर की मौत हो गयी। नये साल के अवसर पर बाजार घूमने निकले मजदूर को एक तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार ठोकर मार दी थी। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

मृत मजदूर झारखंड के गुमला जिला के सिसई थाना क्षेत्र के आमकुली गांव निवासी जोगिया पाहन का 25 वर्षीय पुत्र असियन टेटे था। उसके चचेरे भाई बलराम ने बताया कि कुछ दिन पहले सभी संदेश थाना क्षेत्र के नारायणपुर (बचरी) चिमनी भट्ठा पर काम करने आये थे। रविवार की शाम करीब सात बजे असियन बाजार घूमने निकला था। उसी दौरान एक बाइक सवार ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। उससे वह सड़क किनारे गिर पड़ा और बेहोश हो गया। उसके बाद वहां मौजूद लोगों ने घटना की सूचना उसे दी। तब वह घटनास्थल पर पहुंचे और उसे घर लाया। वहां वह उसे तेल लगा रहा था। उसी दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि मृतक मजजूर अपने पांच भाई और दो बहन में मांझिल था। उसके परिवार में मां छेनो देवी, भाई भूषण, आशीष, प्रफुल, प्रदीप, बहन शीला और अमृता है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## एक नजर

### भूतपूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि



**जहानाबाद।** एसएस कॉलेज के राजकुमारी सभागार में भूतपूर्व प्रधानाचार्य डॉ. रघुवंश सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सदस्यों ने रघुवंश बाबू के तैल चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। उल्लेखनीय है कि गत 29 दिसंबर को उनका निधन हो गया था।वे लगभग पंचानवे वर्ष के थे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्र ने कहा कि परम श्रद्धेय रघुवंश बाबू के निधन से हमारे महाविद्यालय परिवार ने अपना सच्चा अविभावक और मार्गदर्शक खो दिया है। उनके निधन से शैक्षणिक जगत को गहरी क्षति पहुंची है। प्रधानाचार्य के रूप में उनका कार्यकाल महाविद्यालय के इतिहास में स्वर्णिम काल रहा है। विशेष रूप से कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए उनकी निर्भीक प्रतिबद्धता हम सब को आज भी प्रेरित करती है।महाविद्यालय के वित्तेक्षक डॉ. श्रीनाथ शर्मा ने कहा कि रघुवंश बाबू एक अनुशासन प्रिय प्रशासक होने के साथ ही उच्च आदर्शों को वरण करने वाले महान कर्मयोगी थे। यह उनकी सतत कर्म साधना का ही प्रबल प्रमाण है कि वे अपनी सेवानिवृत्ति के बाद भी जीवनपर्यंत शैक्षणिक व सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे। उल्लेखनीय है कि वे अपने सूदूर गांव कोंचि (गया) में एक विद्यालय का निःशुल्क रूप से सफल संचालन भी कर रहे थे। शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के प्रक्षेत्रीय उपाध्यक्ष विवेक मोहन ने उन्हें कर्मचारियों का सदैव हित रखने वाले संवेदनशील प्रशासक के रूप में याद किया। शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के जिला मंत्री रामजीवन पासवान ने उन्हें दिव्य व्यक्तित्व का स्वामी बताया और कहा कि उनके कृतित्व सदैव अमर रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा में शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रो. (डॉ.) कृष्णा नंद , डॉ. बाल भगवान शर्मा, डॉ. श्यामाकांत शर्मा, डॉ. अरूण कुमार, डॉ. विनोद कुमार रॉय, डॉ. इमरान अरशद, डॉ. सतीश चन्द्र पाठक, मोती लाल, अनिल कुमार द्विवेदी, सुबोध कुमार सुमन, प्रेम कुमार आदि शामिल रहे।

### नहर में डूबने से आठ साल के बच्चे की मौत



**सासाराम।** रोहतास के डेहरी में सोमवार को नहर किनारे बेर तोड़ने गया बच्चा, पैर फिसलने के डूब गया। घटना डेहरी नगर थाना के न्यूडिलियाँ स्थित हदहदवा पल ले समीप घटी। बताते चले कि मुख्य नहर किनारे लगे बैर के पेड़ से फल तोड़ने के क्रम में पैर फिसलने से एक आठ वर्षीय बच्चा नहर में गिरकर डूब गया। वहीं बच्चा अपने साथियों के साथ बेर तोड़ने आया था। वहीं घटना की सूचना मिलते ही नहर किनारे पहुंचे बच्चे के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताते चलें कि 8 वर्षीय हरिओम कुमार अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है, जो भेड़िया निवासी अपने नाना स्व. राम नारायण पाल के घर रहकर गांव के ही राजकीयकृत मध्य विद्यालय में वर्ग 2 में पढ़ाई करता है, जबकि उसके पिता जो अपनी भभुआ स्थित खलासपुर निवासी सुरेश पाल परिवार के साथ वहीं रहते हैं। परिजनों ने बताया कि सोमवार की दोपहर पड़ोस के कुछ बच्चों के साथ खेलते हुए हदहवा पुल के समीप नहर किनारे जा पहुंचा। जहां एक पेड़ से बेर तोड़ने के दौरान पैर फिसलने से वह नहर में गिरकर डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी गोताखोर के प्रायास से डूबे हुए बच्चे को निकालने के प्रयास में जुटे हैं। सीओ अनामिका कुमारी ने कहा कि नहर में पानी कम कराने को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बोला गया है। डूबे हुए बच्चे की खोज में स्थानीय गोताखोरों को लगाया गया है। फिलहाल डूबा हुआ बच्चा नहीं मिल सका है।

### ट्रक की चपेट में आने से दंपति घायल

**सासाराम।** जिले के डेहरी-रोहतास एनएचटू-सी पर सोमवार दोपहर एक बाइक सवार पति-पत्नी ट्रक की चपेट में आ घायल हो गए, लेकिन ट्रक चालक की समझदारी के कारण उनकी जान बच गई। घायल पति-पत्नी को इलाज के लिए ले जाया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे बाइक को बाहर निकलवाया। बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। बस्तपुर गांव के सेवानिवृत जमींदार रंजीत सिंह अपनी पत्नी शांति देवे के साथ एनएच-टूसी बाइक से गांव लौट रहे थे। इस क्रम में डेहरी नगर थाना क्षेत्र में निरंजन बीघा के पास सड़क पर करने के क्रम में उनकी हीरो पैशन बाइक विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई और बाइक ट्रक में घुस गई। घटना के बाद ट्रक चालक ने तत्काल वाहन को रोक दिया। पर तब तक बाइक ट्रक में फंस गई है। मौके पर जुटे लोगों ने घायल दंपति को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दंपति को अस्पताल भेजा। इसके बाद फंसी बाइक निकालने के लिए जक की सहायता से ट्रक के बॉडी को ऊपर ऊठाया गया। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद बाइक को निकाला गया। डेहरी नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि दुर्घटना में पति-पत्नी घायल हुए हैं। लेकिन गंभीर चोट नहीं लगी है। ट्रक को जब्त कर लिया गया है। बताया कि दुर्घटना के कारण आधा घंटा सड़क पर जाम की स्थिति रही, लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई है।


## जिला टीबी सेंटर के आंकड़ों के अनुसार रोहतास जिले में 1490 टीबी से पीड़ित मरीजों का हो रहा इलाज

# ठंड के मौसम में टीबी पीड़ित मरीज रखें अपना विशेष ख्याल: डॉ कन्हाई महतो

- सर्दियों में गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को जान का खतरा अधिक

**केटी न्यूज/सासाराम**

देश से 2025 तक टीबी को जड़ से मिटाने के लिए सरकार लगातार अभियान चला रही है। रोहतास जिला स्वास्थ्य समिति भी टीबी उन्मूलन अभियान में अहम भूमिका निभाने में प्रयासरत है। जिले में टीबी मरीजों को खोजने के साथ साथ उनकी कॉउंसिलिंग कर उनका उचित इलाज किया जा रहा है। ताकि जिले से टीबी बीमारी को खत्म कर के देशव्यापी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जा सके। जिले में प्रति महीने 500 से अधिक टीबी के लक्षण वाले लोगों की तलाश की जा रही और उनकी जांच की जा रही है। जिला यक्ष्मा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार पिछले तीन महीनों में जिले के विभिन्न प्रखण्डों में 1747 टीबी के लक्षण वाले मरीज पाए गए। जांच के दौरान 147 लोगों में टीबी होने की पुष्टि हुई। जिसमें सितंबर में 567 लोगों की जांच में 49 लोग टीबी के मरीज पाए गए। वहीं अक्टूबर में 567 की जांच में 39 तथा नवंबर में 613 में से 55 टीबी बीमारी से ग्रसित पाए गए। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अभी 1490 टीबी के मरीज के इलाजरत हैं ।



**ठंढ के मौसम में लापरवाही घातक :** सर्दियों के मौसम में विभिन्न प्रकार की बीमारियों से जूझ रहे लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस मौसम में बीमारियों से ग्रसित लोगों को जान का भी खतरा हो सकता है। ऐसे में जरूरत है कि सर्दियों के मौसम में अधिक से अधिक सावधानी बरतें। इस मौसम में टीबी बीमारी से ग्रसित मरीजों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। टीबी बीमारी से ग्रसित मरीजों के लिए भी यह मौसम काफी कष्टदायक होता है। खासकर टीबी मरीज जिन्हें दमा की शिकायत होती है यदि ऐसे मरीज ठंढ से बचाव नही करेंगे तो उनके लिए यह मौसम जानलेवा भी साबित हो सकती । जिला यक्ष्मा केंद्र के डॉ कन्हाई महतो ने बताया कि मौसम का मिजाज काफी तेजी से बदल रहा है। इसके साथ ही ठंड का प्रकोप भी देखा जा रहा है। ऐसे में टीबी कारीजों को अपनी सेहत का विशेष ख्याल रखना चाहिए। ऐसे मौसम में किसी प्रकार की लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### फेफड़ों में टीबी से पीड़ित के लिए ठंड घातक

डॉ. महतो ने बताया कि टीबी से ग्रसित मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कमजोर हो जाती है। ऐसे में ठंड से बचाव के साथ साथ उचित आहार लेना भी जरूरी है। ठंड के मौसम में फेफड़े में टीबी के मरीज के लिए काफी घातक होता है। यदि ठंड से बचने के लिए समुचित सावधानी नहीं बरती गई तो सर्द हवा एवं वायु में मिश्रित प्रदूषण के कण फेफड़ों में पहुँचकर टीबी बीमारी को और जटिल बना सकता है । उन्होंने बताया कि इस मौसम में अच्छी सेहत के लिए मौसमी फलों, हरी सब्जियों के साथ साथ भोजन में दालों का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए।

## खबरें फटाफट

### शराब के नशे में जश्न मनाना पड़ा भारी

कृष्णाब्रह्म। स्थानीय थाना क्षेत्र के सोवा गांव निवासी लक्ष्मण पासी पर रविवार की देर शाम नये साल का जश्न मनाने का खुमार इस कदर चढ़ा कि जमकर शराब का सेवन कर लिया और जब नशे का खुमार चढ़ तो गाली गलौज और हो हल्ला करने लगा। किसी ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने उक्त शराबी को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच करवाया। जहां शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### ट्रेन से गिरा युवक, मौत

डुमरांव। स्थानीय रेल खंड के टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन पर डाउन सिकंदराबाद एक्सप्रेस टेज्न से गिर एक रेल यात्री की मौत हो गई है। इसकी जानकारी मिलते ही जीआरपी ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। वही परिजनों को भी इस घटना की जानकारी दी। मृतक रोहित कुमार गोंड उम्र 27 वर्ष पिता सुरेन्द्र गोंड भोजपुर जिले के आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महकपुर बारा गांव का निवासी था। डुमरांव पोस्ट प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया वह बैंगलोर से अपने गांव आ रहा था। सिकंदराबाद पटना एक्सप्रेस के जनरल बोगी में सफर के दौरान टुड़ीगंज स्टेशन पर गिरने से उसकी मौत हुई है। माना जा रहा है कि बोगी में अधिक भीड़ की वहज से यह हादसा हुआ है।

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

बक्सर। वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर जांच अभियान के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने 4 बोतल शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद उसे को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार युवक सिंडीकेट का रहने वाला जितेंद्र तुरहा है। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी बीच एक युवक यूपी से पैदल बक्सर आ रहा था। जवानों ने रोका और उसके शरीर की तलाशी ली तो उसके शरीर से 4 बोतल शराब बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# खुशखबरी: डीडीयू मोकामा के बीच होगा रेलवे लाईन का तेहरीकरण, सर्वे हुआ पूरा

- तेहरीकरण के बाद दो से ढाई घंटे में पूरा हो जाएगा पटना से डीडीयू तक का सफर
- तीसरी लाईन बिछने के बाद यात्रियों को होगी सहुलियत, ट्रेनों के लेटलतिफी पर लगेगा ब्रेक

**डॉ. प्रेम कुमार/बक्सर**

नये साल में रेल यात्रियों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। नई दिल्ली कोलकाता मुख्य रेल खंड पर स्थित मोकामा व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के बीच रेलवे ट्रैक का तेहरीकरण किया जा सकता है। रेलवे द्वारा न सिर्फ इसका सर्वे कराया जा रहा है, बल्कि प्रथम फेज में मोकामा से बक्सर तक के 208 किलोमीटर के दूरी का सर्वे कार्य पूरा भी कर लिया गया है। अब बक्सर से डीडीयू जंक्शन के बीच दूसरे फेज में सर्वे कार्य शुरू किया जाएगा। सर्वे कार्य पूरा करने के बाद इसका डिटेल रिपोर्ट रेल मंत्रालय को भेजा जाएगा। रेल मंत्रालय से स्वीकृति मिलने के बाद इसका काम शुरू हो जाएगा। माना जा रहा है कि नये वित्तीय वर्ष पर इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो सकता है। तेहरीकरण का काम पूरा होने के बाद इस रेलखंड पर ट्रेनों के लेटलतिफी पर ब्रेक लगेगा वही यात्रियों को भी बड़ी सहूलियत होगी। रेलवे सूत्रों की मानें तो तेहरीकरण होने के बाद पटना से दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन की दूरी महज दो से ढाई घंटे में तय की जा सकती है। जबकि अभी चार घंटे का समय लग रहा है। इससे रेल यात्रियों के समय की बचत भी होगी। इस खबर को सुनने के बाद से ही रेल यात्रियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।



**इस रेलखंड पर रहता है ट्रेनों का अधिक दबाव :** गौरतलब हो कि इस रेल खंड पर ट्रेनों की संख्या अधिक होने कारण भी अत्यधिक ट्रेन हमेशा विलंबित होती रहती हैं। डीडीयू से पटना ट्रेनों के सफर का समय सीमा तय करने में अमूमन 4 घंटे का समय लग जाता है। इस रूट पर एक्सप्रेस ट्रेन मैनुअल कोच के साथ 110 किलोमीटर की रफ्तार से चलती हैं, तो वहीं एलएचबी कोच लगे ट्रेनों की रफ्तार 130 किलोमीटर प्रति घंटा है। लेकिन इस रेलवे ट्रैक के तेहरीकरण होने के बाद पटना से दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तक का सफर मात्र दो से ढाई घंटे तक में पूरा हो जाएगा।

**खर्च का किया जा रहा आंकलन :** इस संबंध में पूछे जाने पर मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हाजीपुर जोन वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पटना-पीडिडियू रेल प्रखंड पर तीसरी लाइन बिछाने का आने वाले खर्च का आंकलन किया जा रहा है। तत्पश्चात डिटेल रिपोर्ट तैयार कर रेल मंत्रालय को भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलने पर प्रोजेक्ट पर कार्य होगा।

### 75 से 100 की स्पीड से दौड़ेगी माल गाड़ी

रेलवे लाईन के तेहरीकरण के बाद मैनुअल कोच और एलएचबी ट्रेनों की स्पीड दुगना होने के साथ ही माल गाड़ियों की स्पीड़ भी बढ़ जाएगी। रेलवे सूत्रों की मानें तो तब इस रेलखंड पर मालगाड़ियां 75 से 100 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड में फरार्टा भरेंगी। जिससे आम यात्रियों के साथ ही व्यवसायियों को भी फायदा मिलेगा।

### पुराना भोजपुर और नवाडेरा के बीच स्थित तालाब का गरमाया मामला

# ऐतिहासिक तालाब का अस्तित्व बचाने आगे आए ग्रामीण, कहा- 200 साल की है धरोहर

- नाराज ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस व सीओ से की शिकायत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

एक तरफ जल जीवन हरियाली योजना के तहत पुराने तालाबों व जलाशयों का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। माननीय पटना उच्च न्यायालय के निर्देश पर जलाशयों को अतिक्रमणमुक्त भी कराया जा रहा है तो दूसरी तरफ प्रखंड मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर दूर स्थित पुराना भोजपुर व नवाडेरा के मध्य स्थित 200 साल पुराने तालाब में मिट्टी की भराई कर उसे अतिक्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। 29 दिसंबर से ही तालाब के भूभाग पर मिट्टी भराई का काम शुरू हुआ था।

लेकिन स्थानीय नवाडेरा व पुराना भोजपुर के ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का तर्क है कि यह तालाब 200 वर्ष पुराना है तथा इसके किनारे लोक आस्था के महापर्व छठ के साथ ही श्राद्ध कर्म सहित कई अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए जाते है। जबकि गर्मी के मौसम में इलाकाई पशुपालकों के लिए यह तालाब वरदान साबित होता है। इसके पानी से पालतू मवेशी व जंगली जानवर अपनी प्यास बुझाते है। पुराना भोजपुर और नवाडेरा के हजारों की आबादी के लिए यह तालाब काफी उपयोगी है।



बैठक में उपस्थित नेता, अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीण

वहीं, अब भू माफियाओं द्वारा इसके अस्तित्व पर ही प्रश्न चिन्ह खड़ा किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण उग्र हो उठे है। दोनों गांवों के ग्रामीणों ने सोमवार को तालाब के पास बैठक कर इस ऐतिहासिक तालाब का अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष का ऐलान किया है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस व सीओ को भी दी है। बैठक का नेतृत्व नवाडेरा के सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार उर्फ सोनू यादव ने किया। इस दौरान अमरेन्द्र कुमार, दीपक यादव, इस्लाम अंसारी, प्रभुनाथ सिंह, श्यामलाल सिंह, हरेराम सिंह, अमरेन्द्र सिंह, विकास यादव, रामनाथ सिंह, राजेश कुमार, अशोक यादव आदि उपस्थित थे।

**30 जनवरी से ही विरोध जता रहे है ग्रामीण :** इस संबंध में जानकारी देते हुए राजेश उर्फ सोनू यादव ने बताया कि 29 दिसंबर को जेसीबी से मिट्टी भराई की जा रही थी। 30 दिसंबर को ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल नया भोजपुर ओपी पुलिस को इसकी सूचना दे काम रूकवाया गया। उन्होंने कहा कि यह तालाब दो गांव के लोगों का मुख्य जलाशय है तथा इसमें सालोभर पानी भरा रहता है। जिस कारण यह आदमी से लेकर पशु पक्षियों तक के लिए उपयोगी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इस तालाब को अस्तित्व नहीं मिटने देंगे।

**नव निर्मित फोर लेन व पुराने एनएच 84 के बीच अवस्थित है तालाब :** यह ऐतिहासिक तालाब नव निर्मित फोरलेन व पुराने एनएच 84 के बीच अवस्थित है। जिस कारण इसके जमीन की कीमत भी बढ़ गई है। यही कारण है कि इसके कीमती जमीन पर भूमाफियाओं की नजर लग गई है तथा भूधारी के साथ मिल इसका अस्तित्व चौपट करने का प्रयास किया जा रहा है।

> दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद मिट्टी की भराई कराने वाले पक्ष से कागजातों की मांग की गई है। कागजात देखने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। तत्काल मिट्टी भराई पर रोक लगाई गई है। जलाशयों का अस्तित्व बचाना सरकार की प्राथमिकता है।
>
> *- अंकिता सिंह, सीओ डुमरांव*

## एक नजर

### डेढ़ लाख नकद व चोरी के मोबाइल के साथ अंतरप्रांतीय चोर चढ़ा जीआरपी डीडीयू के हत्थे




**बक्सर।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के पास अंतर प्रांतीय रेल चोर गिरोह का सदस्य शेषनाथ राय उर्फ कंचन राय पिता स्वर्गीय राधेश्याम राय ग्राम गायघाट पोस्ट आशा पड़री थाना सिमरी जिला बक्सर जीआरपी डीडीयू के हत्थे चढ़ गया। इस संबंध में पूछे जाने पर जीआरपी प्रभारी निरीक्षक डीडीयू सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि रेल अपराधियों के रोकथाम और तस्करी पर नकेल को लेकर विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया तो प्लेटफार्म संख्या तीन/चार के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ नजर आया जिसे धरकर पूछा गया तो समुचित उत्तर नहीं दे सका। युवक के पास से चोरी का एक स्मार्टफोन के साथ ही रेल यात्रियों से चुराए गए एक लाख 40 हजार रुपया नगदी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि युवक पूर्व में एनडीपीएस एक्ट में भी जेल भेजा जा चुका है।

### सीपीआई नेता के निधन पर केसठ में शोक सभा का हुआ आयोजन, दी श्रद्धांजलि



**केसठ।** प्रखंड के नया बाजार में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता आलम अंसारी के निधन पर सोमवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा का नेतृत्व राजद के वरिष्ठ नेता पप्पू यादव ने किया। उन्होंने कहा कि वे गरीब - मजदूरों के नेता थे। वे आजीवन किसानों, गरीबों और मजदूरों के लिए लड़ाई लड़ते रहे। उनके निधन से राजनीति के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी लंबे समय तक भारपाई करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई को आगे बढ़ाने को लेकर संकल्प करना चाहिए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया। इस मौके पर मुख्तार यादव, जितेंद्र पहलवान, रमेश रजक, बिट्टू कुमार, भीखम यादव, रोशन अली, आजाद, महताब खां, असगर खां, अख्तर खां समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### कोरानसराय अनुसूचित जनजाति बस्ती के तीन घरों से 11 लिटर शराब बरामद, तस्कर फरार



**डुमरांव।** कोरानसराय पुलिस ने स्थानीय अनुसूचित जनजाति बस्ती में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर तीन घरों से कुल 11 लिटर देशी महुआ शराब बरामद किया है। हलांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही कारोबारी फरार हो गए। पुलिस ने शराब कारोबार में एक महिला समेत कुल चार लोगों को चिन्हित करते हुए उनपर उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार छापेमारी में बस्ती के डिप्टी मुशहर के घर से एक लिटर जबकि बिरेन्द्र चौधरी व जितेन्द्र चौधरी के घर से पांच-पांच लिटर समेत कुल 11 लिटर शराब बरामद हुआ। पुलिस ने इन तीनों के अलावे प्रभावती देवी पति बिरेन्द्र पासी को भी आरोपी बनाते हुए उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

### कचरा उठाव को ले वितरण किया गया डस्टबिन

**केसठ।** राज्य स्तर पर स्वच्छता को लेकर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। बिहार सरकार के द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान के बाद लोगों में जागरूकता भी आई है। प्रखंड के दंगौली में स्वच्छता को लेकर कतिकनार पंचायत के उप मुखिया सह वार्ड सदस्य 12 के दीपक कुमार सिंह ने हर घर में डस्टबिन मुहैया कराया गया। उप मुखिया ने बताया की कचरा प्रबंधन के तहत लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान को सफल बनाने हेतु वार्ड 12 में हर घर डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। डस्टबिन वितरण करने के दौरान स्वच्छता पर्यवेक्षक और उप मुखिया ने लोगों को डस्टबिन के उपयोग के बारे में बताया उन्होंने बताया कि सूखा कचरा एकत्र करने के लिए हरा कलर का डस्टबिन जबकि गीला कचरा को एकत्र करने के लिए नीले रंग का डस्टबिन का उपयोग करना है।वही उन्होंने ने लोगो से अपील किया कि अपने घर से निकलने वाले कचरे को निर्धारित डस्टबिन में एकत्र करेंगे जिसे स्वच्छता कर्मी के द्वारा उठाव किया जाएगा और चिन्हित जगह पर उसे डंपिंग किया जाएगा। मौके पर वार्ड पंच सोनू, प्रिंस कुमार, प्रदीप कुमार सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## चटके रेलवे ट्रैक से गुजरी पंजाब मेल, टला बड़ा हादसा

**केटी न्यूज/बक्सर**

पूर्व मध्य रेलवे दानापुर क्षेत्राधिकार के दरौली हॉल्ट और जमानिया रेलवे स्टेशन के मध्य पोल संख्या 706/29 अप रेलवे लाइन सोमवार की सुबह 8:40 बजे चटका पाया गया। इस बात की जानकारी जब शौच के लिए जा रहे ग्रामीणों ने स्टेशन मास्टर दरौली को दिया तो तत्काल इसकी सूचना स्टेशन मास्टर दरौली द्वारा दानापुर कंट्रोल रूम को दिया गया।

साथ ही, वरीय अनुभाग अभियंता रेल पथ दिलदारनगर जंक्शन को सूचना दिए जाने पर सहायक रेल पथ अभियंता ललन प्रसाद मौके पर पहुंचकर अप लाइन की चटकी रेल पटरी को गैंगमैन के द्वारा कलैम्प कराया गया और 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनों का परिचालन बहाल किया गया। इस सूचना पर रेलवे इसलिए भी हरकत में आ गया था क्योंकि इसी चटकी पटरी से अप में पंजाब मेल गुजरी थी। इस संबंध में पूछे जाने पर एसएसई प्रदीप कुमार ने बताया कि जाड़े के दिनों में रेल ट्रैकों के चटकने की घटना होते रहती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ठंड के कारण रेल पटरियों में सिकुड़न होती है। जिसके लिए जाड़े के मौसम में रेलवे ट्रैक की पेट्रोलिंग गैंगमैनो द्वारा कराई जाती है।

### नववर्ष पर जाम छलकाने वाले 21 गिरफ्तार

**बक्सर।** नव वर्ष पर यूपी से जाम छलका आने वाले 21 शराबियो को उत्पाद विभाग ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उत्पाद विभाग ने विभिन्न चेक पोस्ट से रविवार की रात 21 लोगों को शराब के नशे में पकड़ा है। पुलिस ने सभी शराबियों का मेडिकल कराने के बाद सभी को जेल भेज दिया है। यह छापेमारी उत्पाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पूरे जिले में चलाया गया था। मिली जानकारी के अनुसार टीम ने रविवार की रात जिले के कुंवर सिंह गंगा चेकपोस्ट पर छापेमारी अभियान चला 21 शराबियो को शराबे के नशे में झूमते हुए पकड़ा। पुलिस के इस कार्रवाई के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया। उत्पाद अधीक्षक देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। प्रतिदिन शराब और शराबियों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

## ठंड का सितम: अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं

**केटी न्यूज/केसठ**

जनवरी माह का प्रारभ होते ही तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। लगातार ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। कड़ाके की ठंड से लोग बेहाल है। सर्द हवाओं और कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। लोगों को अपने कामों में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कोहरे के कारण सूर्य भी नहीं दिखाई दे रहे हैं, जिसके चलते तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। सर्द हवाओं के चलते ठंड में लगातार इजाफा हो रहा है बढ़ती ठंड से लोगों की मुश्किलें भी बढ़ रही है। लगातार बढ़ती ठंड के बावजूद भी प्रशासन की ओर से अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके चलते राहगीरों को ठंड से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।



केसठ स्थित बस स्टैंड में पसरा सन्नाटा

सब्जी विक्रेता संतोष कुमार, आकाश कुमार, रामजीत सहित अन्य विक्रताओं ने बताया कि ठंड के चलते सब्जी खरीदना मुश्किल पड़ रहा है। ठंड के कारण बाजारों में सन्नाटा है जिसके कारण खरीदारी भी प्रभावित हो रही है। बाजारों में खरीदारों की संख्या इक्का-दुक्का नजर आ रही है। जिससे लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। जितेंद्र पासवान ने कहा कि ठंड बढ़ गई है ऐसे में सड़कों पर गाड़ियों का चलाना भी दुश्वार हो गया है। घने कोहरे के चलते सफर करना खतरनाक साबित हो रहा है। घने कोहरे के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है।

### पदभार ग्रहण करते ही एक्श्सन में दिखे नए एसपी मनीष कुमार, लोगों को अपने हाथों सौंपा मोबाइल

# नये साल में पुलिस ने चोरी गए 80 मोबाइल को उनके धारकों को लौटाया

- जिले में अब तक 1000 मोबाइल धारकों को लौटाया गया है फोन

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के नए एसपी मनीष कुमार ने सोमवार को पूर्व में चोरी हुए 80 मोबाइल फोन को उनके धारको को लौटा उन्हें नए वर्ष का तोहफा दिया है। बता दें कि वर्ष 2022 में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी गए 80 मोबाइल फोन को पुलिस की विशेष टीम ने बरामद किया था। बरामद फोन की सत्यता की जांच करने के बाद एसपी मनीष कुमार ने जिले के लोगों को पहली उपलब्धि दिया है।



मोबाइल धारक के साथ एसपी

मोबाईल मिलने के बाद उनके धारक काफी खुश नजर आ रहे थे। कई लोगों ने इस कार्य के लिए एसपी को धन्यवाद भी दिया तो कईयों ने उनके साथ सेल्फी भी ली। इससे पूर्व निवर्तमान एसपी नीरज कुमार सिंह आठ चरणों में जिले के अंदर चोरी और गुम हुए 920 फोन बरामद कर उनके धारकों को सुपुर्द कर चुके है। निवर्तमान एसपी इसके लिए विशेष अभियान चला रहे थे। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि जिले में लगातार मोबाइल फोन चोरी और गुम होने की शिकायत पुलिस को मिल रही थी। जिसके बाद पुलिस की एक विशेष टीम बनाई गई थी। टीम ने लगातार कार्य करते हुए लगभग एक हजार मोबाइल फोन को बरामद किया है। इसी कड़ी में सोमवार को पुलिस टीम द्वारा बरामद किए गए 80 फोन को धारक को सौंपा गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**अक्सर चोरी होता है मोबाइल :** जिले में अक्सर मोबाई फोन के चोरी होने का मामला प्रकाश में आता है। शहरों के साथ ही अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी मोबाइल की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। खासकर मेला, हाट, रेलवे स्टेशन जैसे भीड़ भाड़ वाले इलाकें में मोबाइल की चोरी आम बात हो गई है। मोबाइल चोरी की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए ही पूर्व एसपी ने स्पेशल टीम का गठन किया था।

### अपराध व अपराधियों के विरुद्ध जिले में चलाया जाएगा विशेष अभियान : एसपी

बक्सर के नए एसपी मनीष कुमार पदभार ग्रहण करते ही पूरी तरह से एक्शन के मूड में दिखे है। जिले में क्राइम कंट्रोल को लेकर एसपी ने अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी की बात कही है। उन्होंने कहा कि छोटा हो या बड़ा सभी क्रिमिनल के खिलाफ अभियान चला कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को यह शख्त हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में अपराधियों व शराब तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वो कहीं भी छुप कर बैठा हो, पुलिस उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजेगी। नये एसपी ने कहा कि लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन करवाया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले थानाध्यक्षों पर कार्रवाई की जाएगी।

केशव टाइम्स
बक्सर, 03 जनवरी 2023

website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com

## छोटी खबरें

### शीतलहर: 7 जनवरी तक बंद रहेंगे स्कूल

**बलिया।** कड़ाके की ठंड व शीतलहर को देखते हुए आठवीं तक के सभी विद्यालय 07 जनवरी तक बंद रहेंगे। यह आदेश सभी बोर्ड के स्कूलों पर प्रभावी होगा। जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने बताया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी है। इसका उल्लंघन कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और सम्बंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा परिषदीय विद्यालय 31 दिसंबर से ही 14 जनवरी तक शीत कालीन अवकाश को लेकर बंद किए जा चुके हैं। आदेश उल्लंघन पर सम्बंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पति से नराज हो महिला ने लगाई फांसी

बलिया। नगरा थाना क्षेत्र के सरया गांव में मायके में रह रही विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पति से अनबन के बाद विवाहिता एक साल से गांव पर ही रह रही थी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगरा थाना क्षेत्र के सरया निवासी बेबी पुत्री बेबी पुत्री लालजी की शादी बेल्थरारोड में वर्ष 2018 में हुई थी। पिछले कुछ दिनों से पति से कुछ बात को लेकर विवाद हुआ था। तब से वह मायके ही रह रही थी। रविवार की सुबह फंदे से लटकी हुई मिली। परिजनों ने इसकी सूचना नगरा पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवाहिता की मौत को लेकर तरह-तरह चर्चा है। थानाध्यक्ष नगरा बृजेश सिंह ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

### पैर फिसलने से गिरा युवक, मौत

**बलिया।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के चकखान निवासी एक युवक की गिरने से मौत हो गई। घटना रविवार की देर शाम रात छत पर चढ़ते समय गिर जाने से हो गयी। जवान बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का जहां रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव का हर शख्स अवाक है। कस्बा से सटे चकखान निवासी शमशाद उर्फ गोलू (21) पुत्र नौशाद उर्फ सोनी का सिकंदरपुर नहर मार्ग पर घर है। तीन भाई और एक बहन में बड़ा शमशाद फल की दुकान से अपने परिवार की आजीविका चलाता था। बताया जा रहा है कि रविवार की देर शाम वह अपनी दुकान बन्द कर घर पहुंचा। खाना खाने के बाद वह सोने के लिए छत पर जा रहा था। उसी दरम्यान उसका पैर फिसल गया और वह असंतुलित होकर सीढ़ी पर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई।

# रावणी प्रवृत्ति को हटाने के लिए भगवान श्रीराम ने काशी में किए थे दशाश्वमेध यज्ञ

**केटी न्यूज/बलिया**

- महावीर घाट पर देवी देवताओं के आवाह्न के साथ भव्य शुरूआत
- वातावरण को शुद्ध करने का एक ही मात्र उपाय है यज्ञ

महावीर घाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर चल रहे 108 कुन्डीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे विद्वान आचार्यों ने देवी-देवताओं का आवाह्न, देवपूजन आदि कराने के बाद यज्ञ शुरू किया।

इस दौरान आचार्य सर्वेश कुमार शर्मा ने यज्ञ की महिमा को बताते हुए कहा कि वातावरण को शुद्ध करने का एक मात्र उपाय यज्ञ ही है। लंका युद्ध के पश्चात रावणी प्रवृत्ति को हटाने के लिए भगवान श्रीराम ने काशी में दशाश्वमेध यज्ञ किया था, वहीं महाभारत युद्ध के पश्चात युधिष्ठिर ने राजसूय यज्ञ किया था ताकि वातावरण को साकारात्मक बनाया जा सके। सभी मनुष्यों को प्रतिदिन यज्ञ करना चाहिए। बताया कि


प्रवचन करते आचार्य


हवन कुण्ड में आहुती देते भक्त

प्रजापति ब्रह्मा जी ने कल्प के आदि में कहा था कि यज्ञ तुम्हारा जुड़वां भाई है। तुम लोग यज्ञ के द्वारा अपना इच्छित मनोकामनाओं को प्राप्त कर सकते हैं। महाराज दशरथ को भी यज्ञ के माध्यम से ही चार पुत्र प्राप्त हुये थे। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि यज्ञ के माध्यम से देवताओं को संतुष्ट करो देवता तुम्हें इच्छित फल देंगे। यज्ञ से बचें हुए अन्न को खाने वाले श्रेष्ठ पुरुष सब पापों से मुक्ति हो जाता है।

गायत्री शक्तिपीठ प्रमुख विजेन्द्र नाथ चौबे ने बताया कि शक्तिपीठ के प्रांगण सुबह छह बजे से साढ़े सात बजे तक जप, ध्यान, प्रज्ञा योग व्यायाम किया जायेगा।आठ बजे से बारह बजे तक गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार इस दौरान इच्छुक लोग गुरु दीक्षा लेंगे। पांच से सात बजे तक संगीत मय प्रवचन एवं भव्य दीप यज्ञ होगा। इस दौरान यज्ञाचार्य रमेश पटेल, संगीत मय प्रवचन गुड़सागर जी राणा,कमल सिंह चौहान व कपिल देव यादव रहे।

## मांगे पूरी नहीं होने पर 11 जनवरी से लखनऊ में शिक्षक करेंगे सम्मान बचाओ रैली आंदोलन

# नियमितीकरण को लेकर शिक्षामित्रों ने किया जोरदार प्रदर्शन, जताया विरोध

- जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा गया चार सूत्री मांग पत्र
- शिक्षा मित्रों ने किया पैदल मार्च, जमकार लगाए सरकार के विरोध नारे

**केटी न्यूज/ बलिया**

सोमवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर जिले के शिक्षामित्रों ने अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट तक शिक्षा मित्रों ने पैदल मार्च किया और जमकार सरकार के विरोध नारेबाजी की। इसके बाद चार सूत्री मांग पत्र जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को दिया।

शिक्षामित्रों ने चेतावनी दी कि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे 11 व 12 जनवरी को लखनऊ में प्रदर्शन करेंगे। संघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में शिक्षामित्र पिछले 22 वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। अधिकांश लगभग 50 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। उनकी पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ गयी हैं। बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। किसी किसी के बेटे-बेटियां विवाह के योग्य हो गई हैं। वर्तमान समय में शिक्षामित्रों को प्रतिमाह मात्र 10 हजार मानदेय, वह भी केवल 11 माह का मिलता है। यह मेहनताना इस मंहगाई के दौर में घर खर्च के लिए भी कम पड़ रहा है। ऐसे में बच्चों के पढ़ाई, शादी-विवाह कैसे करें और बूढ़े-मां बाप इलाज का खर्च कहां से लाएं। इन्हीं मानसिक अवसाद के कारण प्रतिवर्ष कई शिक्षामित्र असामयिक मृत्यु के आगोश में जा रहे हैं।


नारेबाजी करते शिक्षामित्र

**मांगों पर नही हुई सुनवाई तो लखनउ में होगा आंदोलन :** चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गई तो प्रदेश के शिक्षामित्र 11 व 12 जनवरी को लखनऊ में धरना प्रदर्शन करेंगे।

### शिक्षामित्रों ने उठाई समायोजन की नियमावली प्रक्रिया में संशोधन की मांग

जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने मांग की कि शिक्षा मित्रों को नियमावली में संशोधन करके पुनः समायोजित व नियमित किया जाये। नई शिक्षा नीति में शिक्षा मित्रों को भी शामिल करते हुए उनका भविष्य सुरक्षित किया जाये। नियमितीकरण व समायोजन प्रक्रिया पूर्ण होने तक शिक्षा मित्रों को 12 माह, 62 वर्ष तक जीवनयापन लायक वेतन दिया जाये। मृत शिक्षा मित्रों के परिजनों को अहेतुक सहायता राशि के साथ-साथ उनके आश्रित को जीवकोपार्जन के लिए अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाय। प्रदेश के टीईटी पास शिक्षा मित्रों को नियमावली में शिथिलता देते हुए सीधे सहायक अध्यापक पद पर तत्काल नियमित किया जाये।

इस दौरान निर्भय नारायण राय, राकेश पाण्डेय, अखिलेश पाण्डेय, दिलीप प्रसाद, शिव कुमार सिंह , अमृत सिंह, संजीव कुमार सिंह, अमित मिश्र, मनीष सिंह, मंजूर, फैजल अजीत, भरत यादव, मृत्युंजय सिंह, अनिल मिश्र, पूनम तिवारी, डिंपल सिंह, अमृता सिंह, सुमन लता सिंह, ममता वर्मा, सीमा रानी, आनंद पांडे, तेज नारायण सिंह, संजय प्रसाद, अजय सिंह, अवधेश भारती, मनोज शर्मा, हरेराम यादव, प्रियंका सिंह, निरुपमा सिंह, राधेश्याम वर्मा, राम प्रसाद वर्मा, दिलीप कुमार सिंह, राजकुमार, बिरेंद्र प्रसाद, दुर्गावती चौहान, संजय कुमार, श्याम नारायण भारती, विजय कुमार, उपेंद्र कुमार पाठक, संतोष कुमार, कन्हैया यादव, नथुनी राम, मनोज कुमार, बृजेश कुमार, गौरव कृष्ण, संतोष कुमार यादव, विनोद कुमार शुक्ल, ,मनीष कुमार राम रहें। अध्यक्षता मनोज कुमार यादव व संचालन श्याम नन्दन मिश्र मंटू ने किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की हुई मौत, कुंडी से लटकता मिला शव

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

भांवरकोल थाना क्षेत्र के धनेठा गांव में एक विवाहिता की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। जबकि उसका शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बता दें कि विवाहिता सिम्पी कुमारी (24) पत्नी हरिओम उर्फ तुलसी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे तहसीलदार विजय प्रताप सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी श्याम बहादुर सिंह की मौजूदगी में शव का पंचनामा कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

इस संबंध में मृतका के पिता देव प्रसाद पासवान की तहरीर पर पुलिस ने पति, सांस, ससुर एवं देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न एवं दहेज हत्या का मामला पंजीकृत कर लिया है। बताया जाता है कि बीरपुर गांव निवासी देवप्रसाद पासवान ने अपनी पुत्री सिम्पी की शादी 2018 में धनेठा गांव निवासी अवधेश पासवान के पुत्र हरिओम से धूमधाम से हुई। कुछ दिन बाद ससुराल वाले लड़की पर एक लाख रुपये मायके से मांग करने लगे। ससुराल वाले उसे मारने पिटने तथा पत्ताड़ित करने लगे। लड़की के पिता ने 50 हजार भी भेजवा दिया। इसके बावजूद और पैसे के लिए उसका उत्पीड़न जारी रहा। आखिर उत्पीड़न से अजीज सिंपी कुमारी का शव छत की कुंडी से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने तहसीलदार की उपस्थिति में शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सीओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है इस घटना में नामजद आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मुख्तार व बृजेश आज कोर्ट में होंगे पेश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

एमपी एमएलए कोर्ट ने बाहुबली मुख्तार अंसारी को तीन जनवरी यानी मंगलवार को फिजिकल तौर पर पेश होने का आदेश दिया है। जिले में चर्चा है कि एक दूसरे के जानी दुश्मन माफिया मुख्तार अंसारी और माफिया बृजेश सिंह 21 साल बाद कल यानी 3 जनवरी को आमने सामने हो सकते है।

दरअसल 15 जुलाई 2001 में गाजीपुर के मोहम्मदाबाद के उसरी चट्टी पर मऊ जा रहे माफिया मुख्तार अंसारी के काफिले पर हमला हुआ था। जिसमें मुख्तार अंसारी के गनर और एक अन्य साथी की मौत हुई थी और कई लोग घायल हो गए थे। मामले में मुख्तार अंसारी ने चर्चित उसरी कांड में माफिया बृजेश सिंह को मुख्य आरोपी बनाया है। उसी मामले में मुख्य गवाह मुख्तार अंसारी की गवाही के लिए एमपी एमएलए की कोर्ट ने फिजिकल के तौर पर मुख्तार अंसारी को पेश होने का



आदेश दिया है। वहीं मुख्तार अंसारी और बृजेश सिंह के आमने सामने होने को लेकर एडीजीसी क्रिमिनल नीरज श्रीवास्तव से बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि बृजेश तारीख पर खुद और उनके वकील के द्वारा कोर्ट में पेशी होती रही है। ऐसे में वो आ सकते है। लेकिन मुख्तार अंसारी को फिजिकल के तौर पर पेश होने के लिए 3 जनवरी को आदेश दिया है। गाजीपुर के चर्चित उसरी कांड में माफिया मुख्तार अंसारी को गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने 3 जनवरी को फिजीकल के तौर पर पेश होने का आदेश दिया है। उसरी कांड में कोर्ट ने वादी मुख्तार अंसारी और आरोपी बृजेश सिंह को तलब किया है। 21 साल बाद 3 जनवरी को माफिया मुख्तार अंसारी और माफिया बृजेश सिंह आमने सामने होंगे।

वहीं मुख्तार अंसारी के कोर्ट में फिजिकल पेश होने को लेकर उनके वकील लियाकत अली ने आज सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर एमपी एमएलए कोर्ट में एक अर्जी दी है। मुख्तार अंसारी के वकील लियाकत अली ने बताया है कि मुख्तार अंसारी को जेल और बांदा जेल से आने और ले जाने में उनकी जान को खतरा है। इस संबंध में मुख्तार अंसारी के पुत्र उमर अंसारी ने कोर्ट से लेकर अन्य जगहों पर पत्र के माध्यम से सुरक्षा को लेकर गुहार लगाई है। वहीं उनके वकील लियाकत अली ने बताया कि मुख्तार अंसारी को ब्लडप्रेसर, हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियां है और जेल में और जेल से आने और जाने के दौरान जान का खतरा भी है। जिसको लेकर गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट में अर्जी देकर सुरक्षा और सवास्थ्य को लेकर एम्बुलेंस की भी मांग की गई है।

## एक नजर

### लूट-चोरी की वारदात में फरार चल रहा इनामी लोडेड कट्टा के साथ गिरफ्तार




**बलिया।** पचीस हजार का इनामी व गैंग्स्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बलिया जिले के हल्दी पुलिस ने यह सफलता हासिल की। वाहन जांच के दौरान पुलिस ने अभियुक्त को पकड़ा। सर्च के दौरान उसके पास से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। हल्दी थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह व उप निरीक्षक राधेश्याम सरोज मय फोर्स के साथ आज सुबह चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि अभियुक्त योगेश तिवारी उर्फ राहुल तिवारी निवासी बड़का सरांक थाना बांसडीहरोड ग्राम बिगहीं एवं सोनवानी के सीमा पर पाकड़ के पेड़ के पास खड़ा है। इसके बाद पुलिस ने मौके से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त योगेश का चालान काट दिया।

### दिलदारनगर स्टेशन मास्टर बिहारी प्रसाद को सेवानिवृति के बाद दी गई भाव भीनी विदाई



**गाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल क्षेत्राधिकार अंतर्गत दिलदारनगर जंक्शन पर कार्यरत स्टेशन मास्टर बिहारी प्रसाद को सेवानिवृत्ति के पश्चात भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर स्टेशन प्रबंधक एन ए खान ने अपने संबोधन में कहा कि बिहारी जी अपने कर्तव्य के प्रति सदैव समर्पित रहे हैं और भविष्य में भी सेवानिवृत्ति के पश्चात समाज में जाकर अपने अनुभव के आधार पर अमूल्य योगदान समाज में देंगे। इस अवसर पर विदाई समारोह में उनका माल्यार्पण और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित स्टेशन प्रबंधक एनए खान तथा रेलवे यातायात निरीक्षक संजय कुमार द्वारा किया गया इस अवसर पर उप स्टेशन अधीक्षक दीपक कुमार गुप्ता मोहम्मद जमालुद्दीन सुभाष कुमार मनीष कुमार राम जन्म अरविंद कुमार के अलावा बुकिंग सुपरवाइजर बलराम प्रसाद रेलवे सुरक्षा बल प्रभारी निरीक्षक बाल गंगाधर जीआरपी उपनिरीक्षक शिवसगर के अलावा भारी संख्या में रेल कर्मी उपस्थित रहे।

### बलिया में 5-13 जनवरी तक लगेगा रोजगार मेला, 2000 सिक्योरिटी गार्डो की होगी भर्ती

**बलिया।** दो हजार सिक्योरिटी गार्डों की जिला में भर्ती होगी। इाकी जानकारी मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा दी। उन्होंने कहा कि निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन कार्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जनपद बलिया के आकांक्षात्मक इलाकों में रोजगार मेला तथा कैरियर काउंसलिंग आयोजित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। इस क्रम में आकांक्षात्मक विकासखंड चिलकहर में 5 जनवरी, मनियर में 6 जनवरी, बांसडीह में 7 जनवरी, रसड़ा में 9 जनवरी, पंदह में 10 जनवरी, गड़वार में 11 जनवरी, हनुमानगंज में 12 जनवरी, तथा सोहावं में 13 जनवरी को रोजगार मेला कैरियर काउंसलिंग की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त आकांक्षात्मक विकास खंडों के खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आकांक्षात्मक इलाकों में रोजगार मेला तथा कैरियर काउंसलिंग आयोजित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा अपने पंचायत सचिवों तथा ग्राम प्रधानों के माध्यम से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। इस रोजगार मेले में सिक्योरिटी गार्ड क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी ग्रु-फोर सिक्योर सल्यूसन इंडिया प्रा0लि0 ,नई दिल्ली सहित अन्य कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। शासन के निदेर्शानुसार जिला सेवायोजन कार्यालय बलिया द्वारा भी यह जानकारी दी गई है। इसके लिए एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष उम्र तक के दसवीं पास अभ्यर्थी तथा रिटायर्ड आर्मी भी प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में साक्षात्कार के बाद 12 दिन की ट्रेनिंग गाजियाबाद में होगी। ट्रेनिंग समाप्त होते ही कंपनियों में नौकरी मिल जाएगी।

### मनियर थाना में तैनात जवान को दी गई विदाई



**बलिया।** सोमवार को सेवानिवृत्त होने पर मनियर थाने पर फूल माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर होमगार्ड की ससम्मान विदाई की गई। इस मौके पर मनियर थाने के निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने उन्हें माला पहना कर व अंग वस्त्र से सम्मानित कर विदाई दी। इस दौरान यूपी पुलिस एवं होमगार्ड के जवान मौजूद रहे। होमगार्ड जवान रामनिवास यादव के कार्यों का लोगों ने सराहना की तथा उम्मीद जताई कि सेवानिवृत्त होकर रामनिवास यादव उर्फ मुलायम बेहतर ढंग से अपने परिवारिक जीवन का निर्वहन करेंगे। विदाई देने वालों में प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह, उप निरीक्षक बीरबल यादव, उपनिरीक्षक राजीव कुमार पांडेय, हेड कांस्टेबल बलजीत भारद्वाज, मुंशी अतुल कुमार सिंह, कांस्टेबल पतिराम चौरसिया, होमगार्ड सुरेश कुमार, होमगार्ड रामाशीष यादव ,होमगार्ड रमाशंकर यादव, होमगार्ड रामदयाल यादव, होमगार्ड सकलदीप, होमगार्ड संतोष सहित आदि होमगार्ड व पीआरडी जवान उपस्थित रहे।

## आरओ वाटर प्यूरी फायर लगाने से पवहारी बाबा के आश्रम में आने वाले श्रद्धालओं को मिलेगा शुद्ध पेजयल

# नपा का तोहफा: 150 ली प्रतिघंटा के आरओ वाटर प्लांट का शुभारंभ

- नए साल के अवसर पर पवहारी बाबा के आश्रम पर लगाए गए आरओ वाटर प्यूरीफायर का किया गया लोकार्पण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नपा द्वारा नए साल- 2023 के कार्यदिवस के प्रथम दिन विश्व विख्यात पवहारी बाबा के आश्रम पर लगाए गए आरओ वाटर प्यूरीफायर का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व लोकसभा गाजीपुर के संयोजक कृष्ण बिहारी राय, काशी क्षेत्र की उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल एवं वरिष्ठ समाजसेवी व पवहारी अंध विद्यालय की प्रबंधक डा. शकुंतला राय द्वारा फिता काट कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि निश्चित रूप से नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने इस पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थल पवहारी बाबा के आश्रम पर आरओ वाटर प्यूरीफायर की स्थापना कराकर यहां पर आने वाले श्रद्धालुगण एवं इस आश्रम के महन्त अमरनाथ तिवारी की प्रेरणा से जो सुविधाएं प्रदान की गई है। वह स्वागत योग्य है। नगर पालिका परिषद लगातार अच्छे-अच्छे जनहित के कार्यों पर ध्यान देती है।


आरओ वाटर प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल अतिथिगण

**स्वामी विवेकानंद ने यहां किया था ज्ञान अर्जीत :** सरोज कुशवाहा ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि नए वर्ष के प्रथम दिन एक ऐसे स्थान पर एक अच्छे कार्य के लोकार्पण में उपस्थित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जहां स्वामी विवेकानंद जैसे महान विभूति भी यहां पर काफी दिन प्रवास कर महन्त पवहारी बाबा के सानिध्य में रहकर ज्ञान अर्जित किए। आज का दिन हम लोगों के लिए गौरव का क्षण है। चेयरमैन सरिता अग्रवाल ने कहा कि आरओ वाटर प्यूरी फायर लगाने के लिए निश्चित रूप से यहां पर आने वाले श्रद्धालुगण, क्षेत्रवासीगण, यहां के पुजारी एवं सन्त महात्माओं की प्रेरणा मिली है। जिससे यह कार्य सम्पन्न हो सका है।

शकुन्तला राय ने पवहारी बाबा के विषय में प्रकाश डालते हुए अपना अनुभव साक्षा किया एवं नगर पालिका द्वारा लगाए गए आरओ वाटर प्यूरीफायर की भूरि-भूरि प्रशंसा की। नपाप के पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बताया कि यह आरओ वाटर प्यूरीफायर 150 लीटर फिल्टर पानी प्रतिघंटा की क्षमतायुक्त है। यह एक समय में 500 लीटर पानी की क्षमता व 500 लीटर पानी स्टोरेज का टैंक लगाया गया है। जिससे आम लोगों एवं यहाँ पर आने वाले श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिलेगा। महंत अमरनाथ तिवारी ने भी नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल को इस अच्छे कार्य के लिए बधाई दी एवं उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय सभासद अनिता देवी एवं संचालन अजय गुप्ता ने किया।